दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 160 मुरादाबाद 05 October 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## जम्मू-कश्मीर में अमित शाह का आरक्षण दांव, पहाड़ियों को मिलेगा कोटा; तीन परिवारों पर वार




होम मिनिस्टर अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी समुदाय के लोगों के लिए एसटी आरक्षण दिए जाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जस्टिस शर्मा कमिशन की सिफारिशों पर काम किए जाने का आदेश दिया है और प्रक्रिया पूरी होते ही पहाड़ी समुदाय के लोगों को आरक्षण मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदाय के लोगों को यह आरक्षण मिलना है। होम मिनिस्टर ने कहा कि आर्टिकल 370 हटने के बाद यह संभव हुआ है। अमित शाह का आरक्षण से जुड़ा ऐलान अहम माना जा रहा है और आने वाले चुनावों में भाजपा को इसका लाभ मिल सकता है। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों की ही सत्ता थी। वे कहते थे कि आर्टिकल 370 हटा तो खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है। आज यहां मोदी-मोदी के नारे लग रहे हैं। ये नारे ऐसी तमाम आशंकाओं को जवाब हैं। आर्टिकल 370 हटने के बाद से बीते तीन सालों में आतंकवाद की 721 घटनाएं हुई हैं। इससे पहले के तीन सालों में आतंकवादी हमलों की संख्या 4 हजार से ज्यादा थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों के खिलाफ मुहिम चलाई थी, यह उसका परिणाम है।

### पीएम मोदी ने युवाओं के हाथ से छीने पत्थर, थमाए लैपटॉप

अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आप पहले आए दिन पथराव की खबरें पढ़ते थें, लेकिन अब मोदी जी ने अब युवाओं के हाथों से पत्थर लेकर लैपटॉप थमाने का काम किया है। उन्हें नौकरी दी है। यह बदलाव जम्मू-कश्मीर के लिए अहम है। राजौरी में आपने क्या कभी मेडिकल कॉलेज की कल्पना भी की थी? लेकिन मोदी जी ने इसकी व्यवस्था की। इससे युवा डॉक्टर बन सकेंगे और पहाड़ी समुदाय के लोगों को मुफ्त में इलाज की सुविधा भी हो सकेगी। अब यहां के लोगों को इलाज के लिए जम्मू नहीं जाना होगा। अमित शाह ने कहा कि राज्य के 27 लाख परिवारों को 5 लाख रुपये का हेल्थ बीमा सरकार की ओर से दिया गया है।

### पर्यटन में इजाफा, इस साल अब तक 1.62 करोड़ लोग आए

परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को लेकर अमित शाह ने कहा कि पहले तीन परिवारों के लिए परिसीमन सत्ता अपने पास रखने का उपाय था। अब जो परिसीमन हुआ है, उसमें सीटों का सही बंटवारा हुआ है। पहाड़ी इलाकों के लिए सीटों में इजाफा किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जम्मू में आईआईटी और आईआईएम संस्थानों की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में पर्यटन में भी तेजी से इजाफा हुआ है। इस साल अब तक 1.62 करोड़ लोग इस राज्य में घूमने आ चुके है। अमित शाह ने कहा कि तीन सालों में 56 हजार करोड़ का निवेश जम्मू और कश्मीर में हुआ है। इससे पहले 70 सालों में महज 15 हजार करोड़ा का ही इन्वेस्टमेंट हुआ था।

## कानपुर में बड़ा हादसा, गंगा में 6 डूबे, एक का शव मिला, गोताखोर डूबे लोगों को खोजने में जुटे



कानपुर में बिल्हौर के आसींद गांव की कोठी घाट पर गंगा नहाने के दौरान छह लोग डूब गए। डूबने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। एक युवक को गोताखोरों ने निकाल लिया और आनन-फानन उसे बिल्हौर सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शेष लोगों की तलाश में ग्रामीणों के साथ गोताखोरों की टीम जुटी है। घटना को लेकर घाट पर कोहराम मच गया। बिल्हौर पुलिस समेत आस-पास के थाना क्षेत्रों की पुलिस मदद के लिए पहुंच गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार सुबह तीन युवक, दो बच्चे और एक युवती के साथ कोठी घाट पर गंगा नहा रहे थे। नहाते समय बच्चे और युवती गहरे पानी में डूबने लगे तभी युवकों ने उन्हें बचाने के लिए गंगा में छलांग लगा दी। घाट के किनारे खड़े लोग कुछ समझ पाते कि सभी गंगा में डूब गए, इससे घाट पर हड़कंप मच गया। गांव वाले और गोताखोरों ने पुलिस को सूचना दी और उन्हें बचाने के लिए गंगा में कूद गए। गोताखोरों ने 20 वर्षीय सौरभ कटियार को बीच धारा से खींचकर निकाला। गांव वाले उसे सीएचसी बिल्हौर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि विनय कुमार पटेल की 15 साल की बेटी अनुष्का, 13 साल की अंशिका पटेल, 20 साल के अभय कटियार, 18 साल के तनु कटिहार और मनु की तलाश जारी है। सभी लोग बरांडा गांव में संदीप कटिहार की कपड़े की दुकान के उद्घाटन में आए हुए थे। सीओ बिल्हौर रंजीत कुमार ने बताया कि सभी बच्चे बरंडा गांव के संदीप कटियार की कपड़े की नई दुकान के उद्घाटन में आए थे। सभी घरवालों के बिना बताए गंगा किनारे पिकनिक मनाने चले गए थे। चार गोताखोरों की टीम गंगा में उतारी गई है। अब तक एक युवक को निकाल लिया गया, लेकिन सीएचसी पहुंचने पर उसकी मौत हो गई।

### स्थानीय पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई

एसपी कानपुर आउटर तेजस्वरूप सिंह ने सोमवार को थाना प्रभारियों को मंगलवार को होने वाले गंगा स्नान पर विशेष सुरक्षा और एहतियात बरतने के निर्देश दिए थे। इंस्पेक्टर अतुल कुमार सिंह ने अरौल चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी समेत सभी एसआई को स्नान व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान गंगा तटों पर तैनात रहने के निर्देश दिए थे, लेकिन कोठी घाट पर हादसे के दौरान न कोई सुरक्षा व्यवस्था थी और न ही घाट पर पुलिस तैनात थी।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने कन्याओं के पांव पखारे, आरती उतारकर की कन्याओं की पूजा



गोरखपुर-शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाथ पीठ की परंपरा का आस्थाभाव से निर्वहन किया। मंगलवार की सुबह उन्होंने पीठ में मां भगवती के सभी नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं और एक बटुक भैरव का विधि-विधान से पूजन किया और अपने हाथ से भोज कराया। दक्षिणा देकर सभी की भावपूर्ण विदाई की। कन्या पूजन के इस आनुष्ठानिक कार्यक्रम में 100 से अधिक बच्चों ने पूजन का प्रसाद ग्रहण किया। सभी की वैसे ही भोजन कराकर विदाई की गई, जैसे नौ कन्याओं व एक बटुक भैरव की। कन्याओं की आरती उतारी- कन्या पूजन की शुरुआत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह आठ बजे हुई। पीठ के प्रथम तल पर मुख्यमंत्री योगी थाल सजाकर बैठे। बारी-बारी से उन्होंने कन्याओं का पांव पखारा, तिलक लगाया और फिर आरती उताकर चुनरी ओढ़ाई। इस दौरान कन्याओं के साथ योगी का भावपूर्ण स्नेहिल संवाद सभी को भाव-विभोर कर रहा था। पूजा-अर्चना के बाद योगी ने उसी श्रद्धाभाव के साथ कन्याओं को भोजन परोस कर खिलाया। अंत में दक्षिणा और उपहार देकर उनकी विदाई की। एक घंटे तक चला कार्यक्रम- कन्या पूजन और भोजन का सिलसिला करीब एक घंटे तक चला। इसके साथ ही मंदिर के शक्तिपीठ में कलश स्थापना से शुरू हुआ नवमी पूजन का अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवरात्र पूजा के महात्म्य पर प्रकाश भी डाला। कहा, यह पर्व हमें नारी के सम्मान की प्रेरणा देता है। नारी के प्रति श्रद्धाभाव रखने के लिए प्रेरित करता है। मां दुर्गा के सभी नौ स्वरूप नारी का महत्व बताते हैं और उनके प्रति सम्मान भाव रखने की सीख देते हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदेशवासियों को नवरात्र के साथ-साथ विजयदशमी की भी बधाई और शुभकामनाएं दी। मंगलवार दोपहर बाद दशमी तिथि लग जाने से मुख्यमंत्री नाथपीठ की विजयदशमी परंपरा का निर्वहन भी नवमी पूजन के दिन ही करेंगे। इस क्रम में दोपहर एक बजे गोरखनाथ मंदिर में तिलकोत्सव कार्यक्रम होगा, जिसमें पीठाधीश्वर योगी भक्तों को तिलक लगाकर आशीर्वाद देंगे। शाम चार बजे मंदिर से परंपरागत विजय शोभायात्रा निकलेगी, जिसका नेतृत्व वह खुद करेंगे। शोभायात्रा के साथ मानसरोवर मंदिर जाकर योगी भगवान भोले नाथ की पूजा-अर्चना करेंगे और फिर मानसरोवर रामलीला मैदान जाकर भगवान श्रीराम की आरती उतारेंगे।

# रेल विभाग कर रहा जनहित की उपेक्षा: लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-कासगंज- रेल विभाग कर रहा जनहित की उपेक्षा- लोगों में बढ़ रहा आक्रोश = कभी भी फूट सकता है जनता में लावा। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जत नगर मंडल काअति महत्व पूर्ण रेलवे स्टेशन कासगंज जं पर मण्डल के संबंधित अधिकारियों के तुगलकी फरमान और लगातार जनहित की उपेक्षा से इस कदर त्रस्त है कि लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। सबसे पहले बात करते हैं गेट नं. 250 सी अहरौली रेलवे गेट की जहां इन अदूरदर्शी अधिकारियों ने पैदल पथ ( पैडैस्टीयन वे ) को सीमेंट कांक्रीट के रेल स्लीपर लगा कर जन अधिकारों का हनन कर डाला इस गेट के दोनों ओर ये अधिकारी समुचित लाइट व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे गेट बन्द होने पर गन्दगी के साम्राज्य का आम जन सामना करते हैं और जहरीले मच्छरों से अपना खून चुसवाते है धूप में आधे से एक घंटा तक स्कूल जाने वाले बच्चे तपते रहते हैं , मंडी में अनाथ पहुंचाने वाले किसान, व्यापारी, आफिस पहुंचने वाले खड़े होकर सूखते रहते हैं ,क ई बीमारों ने एक एक घंटे तक गेट खुलने के इन्तजार में दम तोड दिया। नाम न छापने की शर्त पर रेलवे कालोनी में रह रहे रेल कर्मचारियों का कहना है कि जंगली झाड़ियों में डैगू के जहरीले मच्छरों का प्रकोप बना रहता है यहां कभी फोगिंग होते या कीटनाशक दवा का छिड़काव होते किसी ने नहीं देखा ,हद तो तब हो गई जब रेलवे के सी.डी एम ओ से इस प्रेस प्रतिनिधि ने संचारी रोगों के रेल परिसर में प्रतिरोध के लिए संपर्क करने पर उन्होंने नकारात्मक उत्तर दे दिया , बताया जाता है इधर अन्डरपास मंजूर हो चुका है लेकिन छह माह बाद भी एक गड्ढा तक नहीं खोदा जा सका। सहावर रेलवे गेट पर और बुरा हाल है यहां गेट खुलने का इंतजार करने वालों के धेर्य का बांध भी अब टूटने लगा है, और यहां गेट बन्द होने पर लगी भीड़ और रोके गए पैदल पथ इन संबंधित रेल अधिकारियों को कोसते नजर आते हैं। यहां का आलम यह है कि क ई बार गेट बन्द होने पर लगी भीड़ गेट खुलने पर इतने निकल भी नहीं पाती है कि गेट बन्द होने लगता है इन दोनों गेटों से लगभग एक लाख लोग रोज आते जाते हैं लेकिन क ई सालों बाद भी रेल विभाग के संबंधित इनकी परेशानियों को समझ पाने में असमर्थ दीखते हैं,लोग तरह के आरोप इन पर लगा रहे हैं न तो अन्डर पास की व्यवस्था रेल विभाग कर पा रहा है न ही फुट ओवर ब्रिज की। लोगों का कहना है कि एक ओर रेल विभाग कासगंज सोरों और कासगंज बढारी सहित कासगंज बरेली, कासगंज कानपुर सैक्शन पर गैर महत्व के और बहुत ही कम ट्रेफिक के लिए एक एक अन्डरपास बनाने पर करोड़ों रुपए खर्च करता है दूसरी ओर व्यापक जरुरी इन गेटों के बारे में सोचता भी नहीं। व्यापार मंडल के सदस्य एवं रेलवे परामर्श दात्री समीति के सदस्य महाप्रबंधक तक इन गहन समस्याओं को उठा चुके हैं लेकिन लगातार संबंधित अधिकारियों द्वारा जनहित की उपेक्षा की जा रही है , फाटक से राहत एक सोशल मीडिया ग्रुप से जुड़े लोगों ने इस संवाददाता को बताया कि संबंधित रेल अधिकारी चुपचाप आकर चले जाते हैं कभी आहत लोगों की परेशानियों के लिए संवाद तक नहीं करते। आकस्मिक जरुरतों के लिए पैदल पथ बन्द होने पर लोग जब गेट के नीचे से निकलने का प्रयास करते हैं तो आर पी एफ उन पर क ई तरह के झूठे केस लाद देती है, अहरौली के घनश्याम, मदनलाल , पूर्व प्रधान शिवदयाल , नगला सैयद के बौबी, बाबू , अंशु भैसोरा बुजुर्ग के महेश सिंह , भट्टा नगला के मुन्ना लाल, हरी सिंह , केशव प्रसाद,आर्य नगर के राजेंद्र, लक्ष्मी कांत अवन्तीबाई कुंज के अरुण कुमार, बुद्धि जीवी विचार परिषद के बच्चूसिंह , श्याम वीर यादव ,पबसरा के धर्मेन्द्र, सुनील , राजकुमार सहित इन गेटों से निकलने वाले लोगों ने भारी रोष व्यक्त किया है। इन लोगों की व्यथा को समझते हुए आखिर संवेदनशील जिलाधिकारी हर्षिता माथुर इस गेट पर पहुंची और वस्तु स्थिति को जाना ।इससे पूर्व नदर ई में रेल ब्रिज के नीचे से भरे हुए पानी की स्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से स्वयं बारिश में खडे होकर जल भराव को निकलवा चुके हैं लेकिन रेलवे के संबंधित अधिकारी इन समस्याओं से अंजान बने हुए हैं।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत, बहन ने लगाया हत्या का आरोप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज कस्बा निवासी एक युवक की रविवार रात मौत हो गई। वह एक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर तैनात था। बहन ने युवक की पत्नी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। अलीगंज के मोहल्ला बालकिशन में रहने वाले अशोक गुप्ता की मृत्यु घर पर हुई। उसकी पत्नी माला गुप्ता का कहना है कि अशोक रात में बहुत ज्यादा शराब पीकर आए थे, जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई। वहीं कासगंज जिले के गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के एटा रोड निवासी पिंकी गुप्ता ने सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम प्रशासन आलोक कुमार को प्रार्थनापत्र दिया। बताया कि अशोक उसका भाई है। रविवार रात जब वह सूचना पर अपने पति के साथ मायके पहुंची तो देखा कि अशोक के शरीर पर नीले निशान थे। आरोप लगाया कि माला के अवैध संबंध पड़ोस के एक युवक से हैं। इन दोनों ने मिलकर अशोक की हत्या की है। वह पहले भी अशोक से एक मकान का बैनामा अपने पिता के नाम करा चुकी है। अशोक ने फोन कर बताया था कि माला उसकी हत्या कर संपत्ति हड़पना चाहती है। उसने पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराकर कार्रवाई करने की मांग की। बाद में यह पत्र एसएसपी को भेजा गया। उनके आदेश पर वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम कराया गया। थाना प्रभारी अलीगंज राजेश कुमार मीणा ने बताया कि अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर कुछ जानकारी हो सकेगी।

# मुलायम सिहं यादव को किसान नेता राजू आर्या ने स्वेच्छा से किया अपनी किडनी देने का ऐलान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा ! गत रात्रि भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) के राष्ट्रीय सगंठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्या ने हरियाणा के गुरूग्राम स्थिति मेदांता हॉस्पीटल में भर्ती भारत सरकार के पूर्व रक्षा मंत्री व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री धरती पुत्र मुलायम सिहं यादव को स्वेच्छा से अपनी एक किडनी देने का ऐलान किया है ! कट्टर हिन्दूवादी किसान नेता राजू आर्या ने इस सन्दर्भ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी सहित आला अधिकारियों को पत्र भेजकर नेताजी को अपना आदर्श बताया है तथा कहा कि नेताजी हिन्दुस्तान की अमूल्य धरोहर ही नहीं बल्कि लौहपुरूष सरदार बल्लभ पटेल की भांति विश्व विख्यात व्यक्तित्व हैं ! देश के लिऐ अभी उनका जीवन अमूल्य है

# पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत रत्नागिरी, महाराष्ट्र में सम्मानित होंगे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-लखनऊ । वरिष्ठ पत्रकार लेखक एवं चर्चित पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत आगामी 11-12 नवम्बर को रत्नागिरी, महाराष्ट्र में इंट्रीग्रेटेड सोसाइटीज आफ मीडिया प्रोफेशनल्स के राष्ट्रीय अधिवेशन . पर्यावरण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय योगदान हेतु समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किए जायेंगे। सोसाइटीज के प्रमुख प्रख्यात पत्रकार, समाजवादी , चिंतक श्री चंद्रशेखर जी के अनुसार यह सम्मान श्री रावत को समाज सेवा, आदिवासी कल्याण, निष्पक्ष पत्रकारिता, भाषा, साहित्य, न्याय आदि विभिन्न क्षेत्रों की देश-विदेश की नामचीन प्रतिभाओं के साथ प्रदान किया जायेगा। पर्यावरण रत्न, पर्यावरण भूषण, सुंदरलाल बहुगुणा स्मृति, नेशनल ग्रीन अवार्ड, ग्रीन इंडिया अवार्ड, जेपी अवार्ड, तिलका मांझी राष्ट्रीय सम्मान व जेपी सेनानी सम्मान आदि अनेकों सम्मानों-पुरुस्कारों से सम्मानित श्री रावत की पर्यावरण, सामाजिक, ग्रामीण विकास व स्त्री विषयक मामलों पर बीसियों पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

# 3100 कर्मचारी व पेंशनरों एक किया मेडिकल क्लेम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कोरोना काल के बाद से बीमार कर्मचारी व पेंशनरों से लगभग एक करोड़ रुपये के बीमा क्लेम के लिए फाइल तैयार कर स्वास्थ्य विभाग में भेजी गई है। इनका परीक्षण कर भुगतान के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग के एओ सुशील कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में लगभग 3100 कर्मचारी व पेंशनरों ने मेडिकल क्लेम के लिए आवेदन किया है। इन फाइलों को जांच के बाद शासन से निर्धारित उपचार, जांच और बेड शुल्क दर्शाकर भुगतान को भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 105 सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और पेंशनरों की मेडिकल क्लेम की फाइल विभाग में आती है। इनको परीक्षण करने के बाद विभागाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उनकी संस्तुति के बाद मेडिकल क्लेम फाइलों को भुगतान के लिए संबंधित विभाग, व्यक्ति के माध्मय से भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि 50 हजार तक का मेडिकल क्लेम की फाइल जिला अस्पताल, 50 हजार से पांच लाख तक की मेडिकल क्लेम फाइल सीएमओ कार्यालय और पांच लाख से अधिक रुपये के मेडिकल क्लेम की फाइल स्वीकृति को शासन में भेजी जाती है। वर्तमान में जिला अस्पताल सक्रिय न होने की वजह से 50 हजार तक के मेडिकल क्लेम की फाइल भी उनके यहां ही आ रही हैं। उसी के अनुरूप भुगतान की संस्तुति की जाती है।- डा. उमेश कुमार त्रिपाठी, सीएमओ, एटा

# खनन सिंडीकेट पर Moradabad पुलिस ने कसा शिकंजा, माफिया पर NSA लगाने की तैयारी



मुरादाबाद-अवैध खनन के परिवहन सिंडीकेट पर पुलिस लगातार नकेल कस रही है। दूसरे राज्यों बैठकर बार्डर पर अवैध वसूली करने वाले सिंडीकेट माफिया पर पुलिस गैंगस्टर और एनएसए लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जेल जाने वालों में दो 50-50 हजार के इनामी

सोमवार को ठाकुरद्वारा पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों पर डीआइजी ने 50-50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। बीते 13 सितंबर की शाम को एसडीएम ठाकुरद्वारा परमानंद सिंह और खनन निरीक्षक अशोक कुमार काशीपुर-ठाकुरद्वारा रोड पर वाहनों की जांच कर रहे थे।

### खनन माफिया ने एसडीएम को बनाया था बंधक

इसी दौरान अवैध खनन में लिप्त पांच डंपरों को पकड़ा गया था। खनन सिंडीकेट में शामिल आरोपितों ने एसडीएम और खनन निरीक्षक को बंधक बनाकर तीन डंपर छुड़ाकर ले गए थे। इस मामले में खनन निरीक्षक अशोक कुमार की तहरीर पर पांच नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### 14 खनन माफिया को जेल भेज चुकी है पुलिस

ठाकुरद्वारा पुलिस अभी तक 14 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिसमें मुख्य आरोपित मुहम्मद तैय्यब भी शामिल है। इस मामले में डीआइजी शलभ माथुर ने अभी तक नौ आरोपितों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया जा चुका है। सोमवार को ठाकुरद्वारा थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह की टीम ने शरीफनगर निवासी आरोपित लड्डन उर्फ शाने और शरबतनगर निवासी इरशाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### खनन सिंडीकेट के तार खोजने में जुटी पुलिस

खनन माफिया के सिंडीकेट के असली संचालकों का पुलिस पता लगाने में जुटी है। कुछ सफेदपोश लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनकी लगातार तलाश की जा रही है। खनन सिंडीकेट का संचालक मुहम्मद तैय्यब के भाई जफर और नबी फरार चल रहे हैं। पुलिस दोनों पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर चुकी है।पकड़े गए आरोपित तैय्यब ने बताया कि उसका काम कलेक्शन का होता था, पैसा कहां जाता था, इसकी जानकारी उसके पास नहीं है। एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने बताया कि जिन लोगों के नाम प्रकाश में आए हैं। जल्द ही अन्य आरोपितों को गिरफ्तार करके सिंडीकेट संचालकों का पर्दाफाश किया जाएगा।

### खनन माफिया पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

मुरादाबाद के डीआइजी शलभ माथुर का कहना है कि अवैध खनन के परिवहन में शामिल लोगों की लगातार गिरफ्तारी की जा रही है। आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर और एनएसए के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की टीमें आरोपितों से पूछताछ करने के साथ ही सिंडीकेट में शामिल लोगों की पहचान करने के साथ ही गिरफ्तारी की गई है। निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ पुलिस की टीमें कार्य कर रही हैं।

## तिरेसठ ग्राम पंचायतों के अधूरे पंचायत भवनों का होगा सत्यापन

# डीपीआरओ ने एडीपीआरओ,एडीओ पंचायत व खंड प्रेरकों को सौंपी जिम्मेदारी

मुरादाबाद- जिले के 63 ग्राम पंचायतों में अधूरे पड़े पंचायत भवनों को शासन ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पंचायत भवन अब तक तैयार न होने की वजह बताने को कहा है। डीपीआरओ ने अधूरे ग्राम पंचायतों की हकीकत जानने को सभी ग्राम पंचायतों में एडीपीआरओ,एडीओ पंचायत,जिला कंसलटेंट व खंड प्रेरकों को सत्यापन करने की जिम्मेदारी दी है। रिपोर्ट में जांच में पंचायत भवन पूरा न होने की वजह और कब तक बन पाएगा इसको फोटो के साथ बताना होगा। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले पंचायत भवन को पूरा करने का लक्ष्य कई माह बीतने के बाद भी अभी कई जिले में पंचायत भवन का काम पूरा नहीं हो पाया है। कई जगह तो पंचायत भवन का काम भी शुरू नहीं हो पाया है। शासन ने अधूरे पंचायत भवनों की हकीकत जानने के लिए सत्यापन की जिम्मेदारी डीपीआरओ को सौंपी है। डीपीआरओ आलोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि जिले के भगतपुरटांडा के 4 पंचायत भवन,बिलारी के 6,छजलैट के 8,डिलारी के 12,कुंदरकी के 11,मुरादाबाद के 2,मूंढापांडे के 7 और ठाकुरद्वारा के 13 पंचायत भवनों के स्थलीय निरीक्षण की रिपोर्ट की जिम्मेदारी एडीपीआरओ,एडीओ पंचायत,जिला कंसलटेंट व खंड प्रेरकों को दी गई है जिससे काम में हुई देरी का पता चल सके।

# स्टेशन पर महंगा पानी बेचने में पांच सौ का जुर्माना

मुरादाबाद-रेलवे स्टेशन पर यात्री को पानी की बोतल मंहगी करके बेचना एक वेंडर को महंगा पड़ गया। यात्री की ट्वीट पर डीआरएम ने मामले की जांच कराई तो शिकायत सच निकली। रेलवे के वाणिज्य ने कार्रवाई करते हुए पांच सौ रुपये जुर्माना लगाया है। मुरादाबाद में पानी की बोतल को ठंडा करने के नाम पर महंगे दाम पर बेचा जा रहा है। सोमवार को रेल यात्री आयुष्मान झा ने मुरादाबाद के प्लेटफार्म पांच पर एक स्टॉल से पानी की बोतल खरीदी। बीस रुपये में बोतल दिए जाने पर यात्री ने एतराज जताया तो वेंडर ठंडा होने का तर्क दिया। ज्यादा कहने पर वेंडर अभ्रदता करने लगा। मामले की शिकायत डीआरएम को ट्वीट के जरिए की गई। यात्री की शिकायत को डीआरएम अजय नंदन ने गंभीरता से लेते हुए ट्वीट करते हुए कार्यवाही के आदेश दिए। डीआरएम के दखल से रेल प्रशासन भी सकते में आ गया। वाणिज्य विभाग ने कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। विभाग ने वीडियो कॉल के जरिए यात्री से शिकायत को विस्तार से जाना। मामले को सही मानते हुए वेंडर पर पांच सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# हवन-पूजन संग किया कीर्तन

मुरादाबाद-मोहल्ला दिनदारपुरा स्थित मंदिर श्री रघुनाथ जी महाराज में विराजमान माता महाकाली के समक्ष श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन एवं कीर्तन किया। जानकी, अनसुइया, उषा, गुड़िया, शुभा, माला, रेशू, अंजना, विनीता ने भजनों से माता की महिमा का गुणगान किया। ठाकुर रघुनाथ रामार्चा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मुख्य पुजारी राघवेंद्र जोशी ने बताया मंदिर में पूरे नवरात्र में माता का श्रृंगार और कीर्तन किया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रेमिका से मिलने उसके क्लास में पहुंचा आशिक, हंगामा

मुरादाबाद-अपनी रूठी हुई प्रेमिका को मनाने के लिए एक आशिक उसके क्लास रूम में जाकर बैठ गया। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के शिक्षण संस्थान की घटना में शिक्षक ने शक होने पर उसे क्लास रूम से बाहर कर दिया। इसके बाद युवक ने हंगामा कर दिया। बाद में पुलिस ने आरोपी युवक का शांतिभंग में चालान कर दिया। नगर के गलशहीद थाना क्षेत्र निवासी युवक एक कॉलेज में पढ़ता है। बताया गया कि उसका प्रेमिका से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद से उसने युवक से बातचीत करना बंद कर दिया था। सोमवार को आशिक युवक दिल्ली रोड स्थित निजी शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाली प्रेमिका से मिलने पहुंच गया। हद तो तब हो गई जब युवक अपनी प्रेमिका की क्लास रूम में जाकर बैठ गया। क्लास में अजनबी चेहरा देख शिक्षक को शक हुआ तो पूछताछ करनी शुरू कर दी। युवक शिक्षक के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तो सुरक्षाकर्मियों को बुलाकर उसे क्लास रूम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद प्रेमिका के प्यार में पागल आशिक ने शिक्षण संस्थान में हंगामा कर दिया। हंगामा बढ़ा तो युवती के परिजन भी वहां पहुंच गए। जहां युवती के परिजनों ने बताया कि दोनों का रिश्ता हो चुका है। जिसके बाद मामला थोड़ा शांत हुआ। हालांकि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक का शांति भंग में चालान कर दिया।

# मेधावी और विशिष्टों का किया गया सम्मान

मुरादाबाद-मुरादाबाद। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन ने दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में नवरात्र उत्सव आयोजित किया। इसमें भजन संध्या की धूम रही। मेधावी बच्चों एवं समाज में उत्कृष्ट सेवाएं करने वालों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एवं बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. विशेष कुमार गुप्ता ने वैश्य समाज के संगठित होने पर बल दिया। उन्होंने कहा हमारा समाज कई वर्गों में विभाजित है। इसे तोड़ने की भी कोशिशें हो रहीं हैं। हमें सजग और समर्पित रहते हुए संगठित रहना है। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अनुज अग्रवाल ने बताया समारोह में समाज की विभिन्न विभूतियों और मेधावी को सम्मानित किया गया। इनमें अंश गुप्ता, नंदिनी रस्तोगी, सौरभ अग्रवाल, अंशी भटनागर, सौरभ उदयभान, रिंपी, शुभम गुप्ता आदि शमिल रहे। रिंकू गुप्ता, शुभम अग्रवाल, डॉ. श्वेता पूठिया, राम गुप्ता, रचित गुप्ता, अंतरिक्ष अग्रवाल, सलोनी जैन, दामिनी गुप्ता, रूपांशु सक्सेना, सुयश पाल, रविता पाल, नेपाल सिंह आदि शामिल रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# 5G for a while

After successful experiments in different phases, the fifth generation wireless telecommunication service was started in India. Prime Minister Narendra Modi has formally launched this service on Saturday and Apna Desh has entered a new era of communication. Roughly the speed of internet service will at least double. Bharti Airtel has launched 5G services in eight cities including Delhi, Mumbai, Varanasi and Bengaluru. Rival Reliance Industries Limited had said in August itself that it would invest Rs 2 lakh crore to roll out its 5G services in major cities like Delhi, Mumbai, Chennai, Kolkata by Diwali and across India by December next year. . Obviously, 5G services will be spread well in India next year. Next year, the rest of the telecom companies will also have to enter the fray with 5G service. Today the need for data and fast network is increasing rapidly, people do not want to have any kind of interruption in the network or have to wait even a second to view a photo or video. By the way, we should keep in mind that India has lagged behind in terms of 5G service. According to a report, by June 2022, 5G network was started in about 70 countries. By mid-2020, 5G had reached 38 countries. Needless to say, there has also been a delay due to the Corona pandemic. It has not even been four years since the introduction of 5G in the world, but by the end of this year, 5G service will reach more than one billion people. It took four years to reach one billion 4G users and 12 years to reach one billion 3G users. Meaning now the spread of new technology in the world is happening very fast. America and Europe are at the forefront of 5G service. However, South Korea is the country that first deployed the 5G network. It is expected that by 2025, about 60 percent of mobile holders in South Korea will be using 5G service. Delays in India are attributed to corruption in the past, bureaucratic apathy and unnecessary approval processes. Much still needs to be done in this direction. When it has become imperative for all services to be online, the necessity of a fast network is undeniable. 5G will also play a supporting role in ensuring faster data sharing, interconnection and security. 5G services are set to revolutionize everything from healthcare and education to agriculture and disaster monitoring. We all know that work from home has been made a reality by the fast internet, otherwise who would have thought that even sitting at home can do all the office work? We have seen the wonder of 4G service and now it is the turn of 5G. Work should be made easy from anywhere on the go, leaving no such place where there is no network access. There are still many places in cities where there is a complaint of weak network. Somewhere there is a problem in the call, then somewhere the data network gets disrupted. In the time of 4G, there are also areas with 2G speed and service in the telecom sector has also become expensive in the last months. Meaning, it is necessary that a service should not remain only on paper, it should also land on the ground.


# Richa Chadha and Ali Fazal got married, beautiful pictures went viral

Bollywood's famous couple Richa Chadha and Ali Fazal have always been each other forever. The couple got married in the presence of family and friends. Both have shared many pictures on social media. In the past, the couple had pre-wedding functions in Delhi. On Thursday, both of them held their haldi, mehendi and sangeet functions in Delhi. In these pictures, Ali and Richa are seen in beautiful outfits of off-white color. Talking about the actor, he is seen in an off-white sherwani, while Richa Chadha is seen wearing an off-white heavy sharara. On this, she has carried green colored Kundan jewelery, in which the actress is looking very beautiful. Sharing this picture, the actor wrote in the caption – Hum Ek Daur Hain... Bhi Ek Silsila Tum Bhi Ho. The couple danced fiercely in the pre-wedding function - Richa Chadha and Ali Fazal danced a lot in their pre-wedding function, a glimpse of which they also shared on Instagram. Richa looked very beautiful in pastel color lehenga and light makeup. Richa's Mehndi and Haldi ceremony was quite a bang. Mehndi and other pictures related to the wedding were shared by Richa herself on her Insta handle. The love story of both started on the set of Fukrey - Let us tell you that the love story of Richa Chadha and Ali Fazal started on the sets of the film 'Fukrey'. Both met each other for the first time on this set. Ali fell in love the first time he met Richa, but Richa proposed Ali first. At the same time, in the year 2017, everyone had told about their relationship.



# Before the release of Goodbye, the makers gave good news, movie tickets for only Rs 150


Barring a few Bollywood films this year, most have disappointed. In order to bring the audience to the theaters in maximum numbers, the makers of many films have reduced the ticket prices in recent times. Tickets for films on National Cinema Day were kept at Rs 75 only. At that time there were 'Brahmastra', 'Chup' and 'Dhokha' in cinemas. All the three films did well when the ticket prices were kept low. After which a debate ensued whether the makers should think about it. Now it looks like the makers have learned one lesson from this. The latest movie whose ticket price has been cut is 'Goodbye'. You can take advantage of the low price - After 'Vikram Vedha', 'Drishyam 2', now the makers of 'Goodbye' have also decided to keep the ticket prices low. Amitabh Bachchan ,Rashmika Mandanna and Neena Gupta starrer film 'Goodbye' will be able to buy tickets for Rs 150. However, the ticket price will be Rs 150 on the opening day only. Amitabh's video- A video of Amitabh Bachchan has been released in which he tells about reducing the ticket price of the film. Amitabh says, 'Goodbye' is coming on 7th October. It has been decided by all of us together that the ticket prices of 'Goodbye' on 7th October should be special. Because of this, the tickets of 'Goodbye' in only Rs 150. Rashmika's Bollywood Debut- Let us tell that 'Goodbye' is a family drama film. It will hit theaters on October 7. Rashmika Mandanna is making her Bollywood debut with the film.



# ककरदरी गांव मे बिजली सड़क के लिए तरस लोग, अभी भी आस लगाए बैठे है ग्रामीण जिम्मेदार मौन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





श्रावस्ती- भिनगा श्रावस्ती जब पूरे देश में सौभाग्य योजना की रोशनी हर घर पहुंच गई तो वंही श्रावस्ती जनपद का एक ऐसा गांव है जो अभी भी अंधेरे में है यहां के लोग आज भी अपना जीवन अंधेरे में बिता रहे हैं ना ही इस गाँव में जाने के लिए सड़के हैं न हीं यहां पर आज तक बिजली पहुंची जबकि है नेपाल भारत सीमा पर बसा हुआ अकेला यह गांव है जँहा पश्चिम साइड राप्ती नदी का खतरा है तो दूसरी तरफ भारत नेपाल की सीमा के पीछे जंगल। इसके बाद भी इस गांव में ना ही बॉर्डर डेवलपमेंट के तहत कोई काम हुआ नहीं प्रशासन ने यहां पर कोई काम कराया है यह गाँव आज भी अपनी बेबसी पर खुद आँसू बहा रहा है उसमें आज तक करंट नहीं दौड़ा, जिससे गांव रोशन हो सके , वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि 10 से 15 साल पहले यहां पर बिजली के खंभे लगाये गये थे और तार भी लगाए गए हैं लेकिन जंगल विभाग की इजाजत न मिलने से यहां पर बिजली आज तक न पहुंची। हमलोग आज भी अपने पूर्वजों की तरह जीवन बिता रहे है जबकि सरकार दावा कर रही है सौभाग्य योजना के तहत हर घर बिजली पहुंचा दी गई है और हर घर बिजली से रोशन है। लेकिन यहां बिजली ना होने से लोगों को खाना बनाने में टार्च का सहारा लेना होता है।रात में बच्चे पढ़ाई नही कर सकते ऐसी तमाम दिक्कतों का सामना इस गाँव वालों को करना पड़ता है वही नेपाल भारत सीमा से सटे होने के नाते इस गांव में अंधेरा होने से रात का फायदा उठाकर संदिग्ध लोगों की आने की आशंका बराबर बनी रहती है क्योंकि खुली सीमा होने के नाते और अंधेरा का फायदा कोई भी उठा सकता है इसी के साथ सड़के ना होने से इस गाँव मे एम्बुलेंस भी नही पहुंच पाती है लोगों को अपने साधन से ही मरीज़ों को 15 से 20 किलोमीटर स्थिति मल्हीपुर, जमुनहा, या भिनगा अस्पताल ले जाना होता है बड़ा सवाल ये है कि आखिर यहां विकास क्यो नही पहुंचा बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह बताते है कि हमारी बिजली की लाइन तुरुसमा गांव तक पहुंची है लेकिन उसके आगे जंगल है 2011 में ककरदरी गांव में खम्बे गढ़वा कर लाइन बना दी गई थी लेकिन जंगल विभाग की तरफ से हृष्ट न मिलने से गांव में बिजली नहीं पहुंच सकी गांव के लोग सोलर से अपना जीवन बिता रहे हैं। जब वन विभाग हृष्ट देगा तो इस गांव को रोशन किया जाएगा

## सिसरोई के निकट नाले में मिला अज्ञात महिला का शव



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद- मंगलवार की दोपहर नेशनल हाईवे पर गांव सिसरोई के निकट से बह रहे नाले में एक अज्ञात महिला का सड़ी गली हालत में शव मिला है। शव मिलने की जानकारी पर आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर सीओ बरला अभय कुमार पांडे प्रभारी निरीक्षक राम वकील सिंह के साथ मौके पर पहुंच गए और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पहचान न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला की उम्र करीब 32 वर्ष व शरीर पर नाम मात्र के कपड़े थे। शव को देखने से प्रतीत होता है। कि शव करीब तीन से चार दिन पुराना है।

## 36 लीटर शराब बरामद 250 किलोग्राम लहान किया नष्ट

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशानुसार जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आज आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह, अरविंद कुमार सिंह एवं कोतवाली पुलिस भिनगा की संयुक्त टीम द्वारा थाना भिनगा के खेदुपुरवा और भयापुरवा के जंगल में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 36 लीटर शराब लगभग बरामद की गई और 250 किलोग्राम लहान मौके पर नष्ट किया गया। इनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दो अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

## विधि विधान से किया कन्या पूजन

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





वाराणसी।-पूर्व राज्य मंत्री रीबू श्रीवास्तव द्वारा इस दौरान उन्होंने बताया कि माँ दुर्गाजी की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र-पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है।आगे उन्होंने अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व-ये आठ सिद्धियाँ होती हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। वही प्रीति रवि जैसवाल ने बताया कि माँ सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियाँ प्रदान करने में समर्थ हैं।देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वे लोक में अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। माँ सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में कमलपुष्प है।

# अब नई सीता बनना होगा-लवली

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- सुंदर कोमल फूलों को तोड़ने मात्र से,जो नाजुक से हाथ लाल हो जाते थे।जंगल के दुरूहता में लकड़ी के साथ,भला वो भोजन को कैसे पकाते थे।।क्या सच में नसीब ही उन्हें ऐसा मिला,या नारी जाति का भविष्य दर्शाना था।गर महलों की राजकुमारी भी हो तो,तब भी बस चुपचाप सहते जाना था।।पतीव्रता सीता ने वनगमन में भी,पति का ही साथ देना वरण किया।पर पति का साथ देने की खातिर,अपने सारे रिश्तों का मरण किया।।वन में भटकीं, कंदमूल भी खायीं,शूल भी चुभा फिर भी मुस्कुरायीं।हर क्षण वो बस पतिधर्म निभायीं,अपने निर्णय पर जरा न पछतायीं।।निभाना था गर राजधर्म तो भी,क्यों नहीं गलत को गलत कहा।सीता ने तो बिन गलती सजा पायी,राम ने क्यों न गलत को दण्ड दिया।।पता था न सीता का सतीत्व उन्हें,औरों के लिए अग्निपरीक्षा क्यों।क्यों नहीं कहा विश्वास है मुझको,इसपर तर्क या कोई समीक्षा क्यों।।क्यों नहीं कहा मेरी सीता सती है,माना राम रावण वधकर सीता को लाये,पर उनकी पवित्रता पर क्या धब्बा था हर किसी की नजर में वो माँ सीता थी,फिर भी अग्निपरीक्षा क्या अच्छा था मान लिया अग्निपरीक्षा भी सही था,क्योंकि उनकी पवित्रता का प्रतिष्ठा था।पर नीच गंवार प्रजा के कहने मात्र से,गर्भवती को निकालना क्या अच्छा था?क्यों नहीं राम ने सीता को सही ठहराया,सीताजी को भी यहाँ प्रतिरोध करना था,क्योंकि दांव पर लगा नारी का अस्मिता था।रामजी की माताओं को भी आगे आना था,जहाँ कसौटी पर नारी जाति का प्रतिष्ठा था।।गर नारी हैं तो कुछ बातें हमको भी समझना होगा,हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमारा गहना होगा।पर बात जबअस्तित्व,चरित्र और मर्यादा की हो,फिर तो एकजुट हो, नई सीता बन लड़ना होगा।।

## डीसीपी महिला अपराध के प्रभावी पैरवी पर पास्को एक्ट के अभियुक्त को हुवा सजा

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस आयुक्त महिला अपराध ममता रानी अभियोजन निदेशक भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी एवं लोक अभियोजक के संयुक्त प्रयास से पास्को एक्ट के अभियुक्त दीपू सोनकर पुत्र बबलू सोनकर को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व ?10000 का अर्थदंड हुआ। इस संदर्भ में अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध ममता रानी ने बताया कि महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध को रोकने के लिए कमिश्नरेट पुलिस प्रतिबद्ध है।और लगातार हमारे द्वारा महिलाओं और युवतियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक को करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## धनीपुर में विशाल देवी जागरण हुआ सैकड़ों से अधिक भक्तजनों ने भाग लिया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- नवरात्रि पर देवी जागरण धनीपुर में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के बड़े भाई देवेंद्र पाल सिंह कराया देवी जागरण में सैकड़ों से अधिक भक्तों ने भाग लिया आनंद लिया देवी जागरण के प्रोपराइटर संचालक आचार्य विष्णु देव शर्मा के मुख्य बिंदु से श्रोताओं ने भक्त जनों ने जमकर आनंद लिया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह मां देवी दुर्गा जी की आराधना की आशीर्वाद प्राप्त किया उनके साथ इस देवी जागरण के आचार्य जी विष्णु देव शर्मा जी थे माता दुर्गा जी की प्रार्थना की आशीर्वाद प्राप्त किया आचार्य देवी जागरण के विष्णु देव शर्मा कहां के माताजी के भजन करने से माताजी के दर्शन करने से सारे कष्ट दूर होते हैं प्रतिदिन माताजी का भजन एवं दान करना चाहिए इस अवसर पर सारे भक्तजन कुसुम सिंह सुमन सिंह रजनी सिंह ममता सिंह नीतू सिंह अर्चना सिंह पंकज सिंह पूनम सिंह किरण देवी अनु सिंह शशी सिंह पूजा सिंह बबली सिंह करिश्मा सिंह सत्यपाल सिंह देवेंद्र सिंह डॉक्टर चेन पाल सिंह बी पी सिंह अवधेश सिंह वीरपाल सिंह अमर सिंह महिपाल सिंह आंधी भक्त जनों ने भाग लिया

# महूली कोल्हूआ में हवन, कन्या भोज भंडारा आज किया गया आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर-पूजन, हवन और कन्या भोज के साथ मंगलवार को नवरात्र का पारण हो गया। आखिरी दिन मां के नौंवे स्वरूप मां गढवतिया पूजा, दर्शन को भक्तों की भीड़ मंदिरों ओर मां दुर्गा पंडाल पर उमड़ी रही। लोगों ने मातारानी को भोग लगाकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मां गढवतिया धाम दुर्गा मंडल समिति महूली दुर्गा मंडल समिति कोल्हुआ के विभिन्न स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन हुआ नवरात्र के अंतिम दिन नवमी पर्व पर बिहार पुर क्षेत्र के मां गढवतिया मंदिर, क्षेत्र की दुर्गा पंडाल में समेत सभी मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं का भीड़ जुटने लगी थी। यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। लोगों ने दर्शन, पूजन, हवन किया। मातारानी को चुनरी, शृंगार का सामान और भोग समर्पित किया। घर, मंदिर परिसर एवं पूजा पंडालों में कन्या पूजन के आयोजन हुए। देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया। । देवी मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ नजर आई। नवरात्र के अंतिम दिन गांव पंडाल के बाहर बने हवन कुंड में आहुतियां देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वहीं पूजा, हवन के बाद हलुआ और पूड़ी चावल दाल सब्जी का प्रसाद भी वितरित किया गया पंडाल एवं मंदिर के बाहर बैठे भिक्षुओं को भी श्रद्धालुओं ने दान कर पुण्य कमाया। नवरात्र के समापन मौके पर सोमवार को कस्बा में जगह-जगह जयकारे गूंजे। गांव के छोटे बड़े पंडाल समेत चांदनी क्षेत्र के मां अष्टभुजी के मंदिरों में हवन पूजन और भंडारों का आयोजन किया गया।

मंदिर में पुजारी लछमण शिशुपाल जयबाबू जायसवाल अनुज सिह बंसल शाहू पुनम( मन्नू ) अग्रवाल समस्त ग्रामवासी ने कन्या पूजन का आयोजन किया। । वहीं वार्ष्णेय समाज मंदिर में मां दुर्गा मंडल महुली कोल्हू आ द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही चांदनी बिहार पुर क्षेत्र के समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# चोरी के 30 टन लोहे की सरिया सहित 2 गिरफ्तार, थाना चंदौरा पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में थाना चंदौरा की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 20 लाख 50 हजार रूपये कीमत के चोरी की 30 टन लोहे की सरिया व परिवहन में प्रयुक्त ट्रक जप्त कर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 02.10.22 को थाना प्रभारी चंदौरा को मुखबीर से सूचना मिला कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 9251 में अवैध लोहे का सरिया अंबिकापुर से सिंगरौली मध्यप्रदेश की ओर जा रही है। सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू को अवगत कराने पर उन्होंने नाकाबंदी लगाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना चंदौरा की पुलिस ने थाना के सामने नाकाबंदी लगाकर उक्त ट्रक को रूकवाया जिसकी तलाशी लेने पर उसमें लोहे का सरिया लोड़ होना पाया। वाहन चालक लवकुश प्रसाद साहू पिता स्व. छविनाथ उम्र 32 वर्ष तथा उसके साथी सन्यासी ऋषि पिता दशरथ प्रसाद साहू उम्र 19 वर्ष निवासी सखौहा, थाना माड़ा मध्यप्रदेश से वाहन में लोड लोहे की सरिया के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जो लोहे की सरिया चोरी का होने के संदेह पर धारा 41( 1-4 )/379 भादसं के तहत कार्यवाही कर 30 टन लोहे का सरिया कीमत 20 लाख 50 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदौरा शिवकुमार खुटे, प्रधान आरक्षक उदय सिंह, प्रमोद लकड़ा, आरक्षक प्रवीण मिश्रा, ओमप्रकाश, विनय कुजूर, सेलबेस्टर लकड़ा व ज्वाला सिंह सक्रिय रहे

# चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध देसी तमंचा के साथ दो गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर मय पुलिस व स्स्क्र की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि अभियुक्तगण 1. हनीफ पुत्र अमजद साकिन रामपुर धोबिया थाना खैरीघाट जनपद बहराइच 2. मुसेद्दीन पुत्र ढोढ़े साकिन रायगंज थाना खैरीघाट जनपद बहराइच ककरदरी मोड से 01 अदद चोरी की मोटर साइकिल।मोटर साइकिल( ॥श्वऋह्र क्र40 रू2527 मोटरसाइकिल का वास्तविक नंबर क्र31ु 518 ) के साथ आ रहे हैं इस सूचना पर विश्वास कर दोनों व्यक्तियों को रोककर मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए दिखाने में असमर्थ रहे तथा जामा तलाशी लिया गया तो उनके पास से एक अदद देशी कट्टा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 0486/2022 धारा 41सीआरपीसी, 411,419, 420, 467, 468, 471 IPC, मु0अ0सं0 0487/2022 धारा 3/25ुु्ष्ह्ल व मु0अ0सं0 0488/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ की गई तो बताया गया कि यह मोटरसाइकिल हम दोनों लोग मिलकर करीब 3 वर्ष पूर्व चीनी मिल गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी से चोरी की थी, तथा नंबर प्लेट बदलकर चला रहे थे इसी मोटरसाइकिल से अवैध सामान ले जाकर नेपाल में बेचते थे।

# वन्य जीव पर्यावरण जागरूकता को लेकर वन विभाग ने रैली निकाली




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-सूरजपुर जिला में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक पार्क परिक्षेत्र रेहैंड( गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान महूली ) में भी वन्य जीव पर्यावरण जागरूकता को लेकर वन विभाग ने रैली निकाली. प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी प्राकृतिक संतुलन के लिए जरूरी वन्य जीवों का संरक्षण सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है. प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन से वन्य जीव विलुप्त होते जा रहे हैं. सुख-सुविधाओं और तथाकथित विकास के नाम पर धरती पर मौजूद संसाधनों के कुप्रबंधन से दूसरे जीवधारियों के जीवन के आधार ही समाप्त होते जा रहे हैं. पशु-पक्षियों और वनस्पतियों की कई प्रजातियाँ समाप्त होने की कगार पर हैं. फिलहाल वन्यजीव सप्ताह के तहत वन अमला जनता को जागरूक करने में लगी है। पार्क रेंजर ललित साय पैंकरा रेहैंड पार्क, ने कहा कि धरती सबकी है, वनस्पति और जीव-जंतुओं को जीवन का एकसमान अधिकार है । प्रकृति व्यवस्था में मानव जगत ने दखल कर ने असन्तुलित के दिया है, नतीजा बेहद गम्भीर परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। कई जीव-वनस्पति विलुप्त हो गए, और कई कगार में हैं । ह्वष्टह्र ने इसे गम्भीरता से लेते हुए रेड बुक जारी किया है और दिशा निर्देश जारी किये हैं ताकि संकटग्रस्त जीव-वनस्पति बचाये जा सकें। इसी दिशा निर्देश में 7 जुलाई 1955 में हुए साप्ताहिक बैठक के बाद प्रतिवर्ष 1956 से वन्यजीव संरक्षण दिवस मनाया जाता है । वन्य जीव संरक्षण कार्यक्रम में रेंजर ललित साय, वनपाल सूर्यभान , वनपाल प्रह्लाद सिंह, प्रभारी रेंज सहायक संतोष दुबे, वनरक्षक अभिमन्यु सिंह, वन समिति के अध्यक्ष , रेंज के समस्त स्टॉफ, उपस्थित रहे । ग्रामीण जन, बच्चे उपस्थित रहकर जागरूकता का परिचय दिया ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com